सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 78 वैशाख 17, गुरुवार, शाके 1948– मई 7, 2026 अंक 6
Vol. 78 Vaisakha 17, Thursday, Saka 1948 – May 7, 2026 No. 6

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

सहमति पत्र

मैं सनी हेम्ब्रम पत्नी श्री सुरज सिंह, उम्र 32 वर्ष, निवासी– नाका चूँगी, बापू कॉलोनी, रंगपुर, कोटा जंक्शन राजस्थान की रहने वाली हूँ सशपथ बयान करती हूँ :–

1. यह है कि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम जोयसी सिंह (Joicy Singh) हैं।
2. यह है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम जोयसी सिंह (Joicy Singh) ही दर्ज है लेकिन मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री नाम जोय सिंह (Joy Singh) दर्ज किया हुआ है जो कि मेरी पुत्री का घरेलू बोलता नाम है।
3. यह है कि जोयसी सिंह व जोय सिंह दोनों एक ही शख्स यानि मेरी पुत्री के स्वयं के ही नाम है तथा उक्त नाम बाबत् समस्त प्रकार की जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
4. यह है कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम जोयसी सिंह (Joicy Singh) दर्ज करवाने हेतु गजट नोटिफिकेशन में प्रकाशन करवाना चाहती हूँ।

सनी हेम्ब्रम
हस्ताक्षर शपथकर्ती

तस्दीक

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथपूर्वक तस्दीक करती हूँ कि इस शपथ–पत्र के तमाम वाक्यात मेरी निजी जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है। ईश्वर सत्य बोलनें मे मेरी मदद करें।

सनी हेम्ब्रम
हस्ताक्षर तस्दीककर्ता

ATTESTED
VIPIN KUMAR VYAS
NOTARY, JAISALMER
GOVT. OF INDIA.
3110

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।